Legal Literacy Cell

Activities of Session 2018-19

- On 19th Sept. 2018, Observance of Swachha Bharat Abhiyan by organizing Rally.
- Lecture delivered by Retd. IPS – Sh. Layak Ram Dabas on Domestic Violence and Child Labour was organized on 24th September 2018. A Pledge was taken by the Students.
- On 9th Nov. 2018, celebrated Legal Services Day by enacting skit on Domestic Violence.
- On 15th March 2019, Divisional Level Competition oraganised at Pt. N.R. Sharma Govt. College Rohtak. Students participated in Poetic Recitation, Poster Making, and Quiz.
- On 07th April 2019, organised Slogan and Poster Making Competition on Domestic Violence.
- On 07th April 2019, A.D.C., Jaibir Aarya and S.D.M. Kharkhoda Ms. Sewta Suhag made aware students for casting votes.

Skit on the Domestic Violence

Lecture delivered by Retd. IPS – Sh. Layak Ram Dabas

Pledge

स्लोगन में नैंसी और पोस्टर मेकिंग में पूनम विजेता

खरखौदा। कानूनी साक्षरता सेल व रोड सेफ्टी क्लब के संयुक्त तत्वाधान में शनिवार को कन्या कॉलेज में स्लोगन व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजित प्रतियोगिता में हिस्सा लेते हुए कॉलेज की छात्राओं ने दहेज हत्या, भ्रूण हत्या, घरेलू हिंसा सहित सड़क सुरक्षा को लेकर विभिन्न स्लोगन तैयार करने के साथ ही पोस्टर बनाकर इन विषयों पर अपनी जानकारी को सांझा किया। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. सीमांत, डॉ. सुमीता, डॉ. प्रोमिला व सुमित ने बताया कि स्लोगन प्रतियोगिता में नैंसी ने पहला, ज्योति ने दूसरा व नम्रता ने तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं पोस्टर मेकिंग में पूनम पहले, गरिमा दूसरे व नम्रता तीसरे स्थान पर रहीं।

07-04-2019, अमर उजाला

एडीसी ने मतदान के लिए किया जागरूक

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में क्षेत्रवासियों को संबोधित करते एडीसी जयबीर आर्य

संस, खरखौदा: शहर के कन्या कॉलेज में जिला प्रशासन की ओर से मतदाता जागरूकता के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडीएम श्वेता सुहाग ने की, जबकि अतिरिक्त उपायुक्त जयबीर आर्य बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे। उन्होंने वहां मौजूद कर्मचारियों को जहां क्षेत्रवासियों को मतदान के लिए प्रेरित करने की बात कही, वहीं लोगों को वोट बनवाने के साथ ही मतदान करने की भी अपील की। इसके अलावा सभी को मतदान करने की शपथ भी दिलाई।

जागो वोटर

जयबीर आर्य ने कहा कि पात्र नागरिक को 100 प्रतिशत अपना वोट बनवाना चाहिए। किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए निर्वाचन आयोग की तरफ से जारी नंबर या बीएलओ से बात कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा में सोनीपत को सबसे ज्यादा मतदान करने वाला जिला बनाना है। वहीं, एसडीएम श्वेता सुहाग ने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश का महापर्व शुरू हो गया है। आजादी की लड़ाई यही थी कि हम अपनी सरकार अपनी मर्जी से चुन सकें। छात्राओं को लोकतंत्र का महत्व बताते हुए मतदान की अपील की। इस मौके पर प्राचार्य सुरेश, नायब तहसीलदार नसीब, प्राचार्य रविंद्र, एसडीओ जयप्रकाश, जेई महावीर शर्मा, नरेश आदि मौजूद रहे।